भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.03.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3135 का उत्तर

हाजीपुर से अजमेर के लिए नई रेल सेवा

3135. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पूर्व मध्य रेल (ईसीआर जोन) द्वारा हाजीपुर से दिल्ली-रेवाड़ी-अटेली-नारनौल-रींगस होते हुए अजमेर तक एक नई रेल सेवा के संचालन के लिए रेलवे बोर्ड को कोई प्रस्ताव भेजा गया है; और

(ख) यदि हाँ, तो वर्तमान में उक्त प्रस्ताव की स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): अन्य बातों के साथ-साथ नई रेलगाड़ी सेवा शुरू करने के लिए क्षेत्रीय रेलों से प्रस्ताव प्राप्त होना एक सतत प्रक्रिया है। इनकी जांच की जाती है और समय-समय पर यथाव्यवहार्य और यथोचित कार्रवाई की जाती है।

वर्तमान में, हाजीपुर-अजमेर खंड निम्नलिखित 04 जोड़ी रेल सेवाओं द्वारा सेवित है:

क्र. सं.	रेलगाड़ी का नाम और संख्या
1	19615 /16 कामाख्या-उदयपुर एक्सप्रेस
2	15715/16 किशनगंज-अजमेर एक्सप्रेस
3	19601/02 न्यू जलपाईगुड़ी-उदयपुर एक्सप्रेस
4	15269/70 मुजफ्फरपुर - साबरमती एक्सप्रेस

इसके अलावा, पटना जो हाजीपुर से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है, अजमेर से भी निम्नलिखित 03 जोड़ी रेल सेवाओं द्वारा जुड़ा हुआ है:

क्र. सं.	रेलगाड़ी का नाम और संख्या
1	12395/96 अजमेर-राजेंद्र नगर एक्सप्रेस
2	13423/24 अजमेर-भागलपुर एक्सप्रेस
3	12315/16 उदयपुर - कोलकाता एक्सप्रेस

इसके अलावा, नई रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना जो एक सतत प्रक्रिया है, निम्नलिखित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है-

- उस खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण संबंधी आवश्यकता।
- खंड की अधिभोगिता और यातायात आवश्यकता

*****